Regarding construction of new railway line from Bandikui station to Mehandipur Balaji and Mahavirji and Keladevi-Laid

श्री मुरारी लाल मीना **(दौसा) :** पूर्वी राजस्थान के तीन बड़े धार्मिक स्थान - मेहंदीपुर बालाजी, महावीरजी, एवं केला देवी हैं । यहाँ पर लाखों श्रद्धालु दिल्ली, हरियाणा, यूपी, मध्यप्रदेश, पंजाब आदि राज्यों से वर्ष भर आते रहते हैं । यह सब श्रद्धालु ट्रेन से बांदीकुई जंक्शन उतरते हैं और वहाँ से विभिन्न साधनों से धार्मिक स्थानो पर जाते हैं । अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि बांदीकुई जंक्शन को जोड़ते हुए मेहंदीपुर बालाजी -महावीरजी - केलादेवी को जोड़ने वाली एक नई रेल मार्ग बनाया जाये ताकि श्रद्धालुओं के साथ क्षेत्र के किसान एवं एसटी-एससी की आबादी को भी इसका फायदा मिल सके । एक नई रेल लाइन का निर्माण दौसा से गंगापुर सिटी के लिए हुआ है । वर्तमान में उक्त रेल मार्ग पर केवल एक डेमू ट्रेन चलती है । मेरा अनुरोध है कि उक्त मार्ग पर अन्य नई ट्रेन भी संचालित की जाए ताकि जनता को फायदा और रेलवे को राजस्व प्राप्त हो सके । कोरोना काल के समय जयपुर से अलवर आने-जाने वाली पैसेंजर ट्रेन को पुनः संचालित किया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग छोटे-छोटे स्टेशनों से अपनी यात्रा सुगमता से कर सकें ।